भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 915
उत्तर देने की तारीख 09 फरवरी, 2022
बुद्धवार, 20 माघ, 1943 (शक)

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम

915# श्री नीरज डांगी:

क्या **कौशल विकास और उद्यमशीलता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की सूची क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा इन व्यक्तियों के लिए कितने रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं; और

(ग) इस योजना के अंतर्गत कितने दिव्यांगजन लाभान्वित हुये हैं, तत्संबंधी ब्योरा क्या है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री
(श्री राजीव चन्द्रशेखर)

(क) कुशल भारत मिशन के अंतर्गत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) अपनी महत्वाकांक्षी स्कीम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के माध्यम से देश के युवाओं को कौशल प्रदान कर रहा है। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) दिव्यांगजन (विकलांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी)) सहित समाज के सभी वर्गों को कवर करते हुए देश भर में प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के केंद्रीय घटक का कार्यान्वयन कर रहा है। 31.12.2021 तक, देश भर में लगभग 49000 दिव्यांगजनों को पीएमकेवीवाई के तहत प्रशिक्षित/उन्मुख किया गया है।

पीएमकेवीवाई के तहत, कौशल प्रशिक्षण में दिव्यांगजनों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए मासिक परिवहन सहायता; सहायक उपकरणों, सहायता और उपकरणों के लिए वित्तीय सहायता; तथा आवास और भोजन जैसे प्रोत्साहन दिए जाते हैं। इसके अलावा, दिव्यांगजन कौशल परिषद (एससीपीडब्ल्यूडी) के रूप में जाना जाने वाला दिव्यांगजन के लिए एक विशेष क्षेत्र कौशल परिषद दिव्यांगजनों की कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बनाया गया है। एससीपीडब्ल्यूडी दिव्यांगजनों के अनुकूल ऐसे प्रशिक्षण केंद्रों को सूचीबद्ध करता है जिन्हें नेत्रहीनों के लिए ब्रेल, कंप्यूटर स्क्रीन रीडर, मूक और बधिरों के लिए सांकेतिक भाषा दुभाषिया आदि के लिए संरचनात्मक रूप से तैयार किया गया है।

(ख) जॉब फेयर/रोजगार मेला नियोक्ताओं और नौकरी चाहने वालों के बीच बातचीत को तेजी से ट्रैक करने के लिए नियोजन आउटरीच कार्यनीति का हिस्सा हैं। रोजगार मेलों का आयोजन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), प्रधान मंत्री कौशल केंद्रों (पीएमकेके), क्षेत्र कौशल परिषदों (एसएससी) और प्रशिक्षण प्रदाताओं (टीपी) द्वारा समग्र "नियोजन प्रोत्साहन और नौकरी मेला/रोजगार उत्सव" पीएमकेवीवाई घटक के एक भाग के रूप में किया जाता है और यह एक सतत प्रक्रिया है। दिव्यांगजन सहित सभी व्यक्तियों के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है। दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार रजिस्ट्रेशन विंडो जैसी सुविधाएं सुलभ कराने के लिए उन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। साथ ही, रोजगार मेलों में दिव्यांगजनों को काम पर रखने के इच्छुक नियोक्ताओं के विशिष्ट समूह को आमंत्रित किया जाता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान 31.12.2021 तक, 1576 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है।

(ग) ऊपर भाग (क) में दिया गया उत्तर देखा जा सकता है।

****